दिनांक : 04.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शासकीय स्कूलों के 7 हजार 900 प्रतिभाशाली बच्चों को निशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे।
- भोपाल में अब भीख लेना और देना दोनों ही होगा जुर्म।
- आज नर्मदा जयंती पर प्रदेश के सभी प्रमुख नर्मदा घाटों पर हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।
- राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अब तक कुल 10 स्वर्ण सहित 20 पदक जीते, गोताखोर पलक शर्मा ने हासिल किया तीसरा स्वर्ण पदक।

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7 हजार 900 बच्चों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है।

भिक्षा प्रतिबन्ध भोपाल

भोपाल में अब भीख लेना और देना दोनों ही जुर्म होगा। भीख लेने और देने वाले पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निगरानी के लिए जिला प्रशासन चौराहों पर लगे ब्ब्ज्ट कैमरों की मदद लेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कल भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध के आदेश जारी कर दिए है। इसमें भोपाल जिले के समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के मुताबिक जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश का उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मप्र रेल बजट

केन्द्रीय बजट में प्रदेश में रेल परियोजनाओं के विकास के लिए 14 हजार 745 करोड़ आबंटित किये गए हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राज्य में 31 नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । इसके अलावा, प्रदेश के 80 स्टेशनों को 'अमृत स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिन पर कुल 2 हजार 708 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। राज्य में रेलवे सुरक्षा के लिहाज से 'कवच' तकनीक के अंतर्गत 3 हजार 572 किलोमीटर रेल मार्ग पर सुरक्षा कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस बजट से न केवल रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा बल्कि राज्य में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

रेल बजट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ यात्री सुविधाओं में रेल बजट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार मध्यप्रदेश को रेलवे से संबंधित विकास कार्यों के लिए इतनी अधिक राशि का अवंटन हुआ है।

मख्यमंत्री हरदा दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरदा जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम छिपानेर स्थित चिचोटकुटी में 316 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम चिचोटकुटी में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा नर्मदा नदी के तट पर 11 करोड़ रूपये लागत से बनवाये गये घाट निर्माण का लोकार्पण भी करेंगे।

नर्मदा जयंती

आज नर्मदा जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी प्रमुख नर्मदा घाटों और शहरों में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। जबलपुर में पूर्ण आस्था और हर्षोल्लास के साथ नर्मदा जयंती मनाई जा रही है। नर्मदा तट सहित शहर में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। नर्मदा तीर्थ समिति द्वारा उमाघाट पर नर्मदा पूजन, अभिषेक, चुनरी अर्पण, शोभायात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। नर्मदापुरम में आज मां नर्मदा का प्रकटोत्सव पूर्ण भक्तिभाव और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। दो दिवसीय इस उत्सव का शुभारंभ कल सोमवार को मंगलाचरण के साथ हुआ। नर्मदापुरम में आज श्रद्धालुओं की सुविधा और वीआईपी भ्रमण को लेकर शहर में मार्ग परिवर्तित रहेगा। डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि शहर में सेठानी घाट, कोरी घाट, पर्यटन, गोल घाट जाने वाले मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों नहीं जा सकेंगे। डिंडोरी में जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड, डिंडौरी में होगा। अनूपपुर में नर्मदा उत्सव के प्रथम दिन मां नर्मदा की शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में आस्था उमंग और उत्साह का जनसैलाब उमड पड़ा। खंडवा जिले की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में आस्था एवं उत्साह के साथ नर्मदा जयंती मनाई जा रही हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खण्डवा इन्दौर मार्ग को भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया है।

कचरा प्रबंधन

प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है।

रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाडियों ने अब तक कुल 10 स्वर्ण, 5 रजत, और 5 कांस्य पदकों के साथ कुल 20 पदक अर्जित किए हैं। पदक तालिका में प्रदेश चौथे स्थान पर है। वहीँ, स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग इवेंट में प्रदेश की गोताखोर पलक शर्मा ने तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की नयी कहानी लिख दी है। मध्य प्रदेश की पुरुष बास्केटबॉल 3.3 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना और पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इंदौर की पलक शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वह इसी तरह भविष्य में भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर देश और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित करती रहें।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के तवा जलाशय को रामसर साइड का दर्जा मिला है। वर्ल्ड वेटलैंड्स डे के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सोहागपुर के सहायक संचालक अंकित जामोद, मढई रेंजर पीएन ठाकुर ने रामसर साइट का सर्टिफिकेट दिया।
- स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने की शिकायत के बाद सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने भोपाल जिले के बैरसिया स्थित भोपाल मल्टीस्पेशलिटी ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया है।
- आगरमालवा जिले मे 'युवा संगम' कार्यक्रम 07 फ़रवरी को शासकीय महाविद्यालय नलखेडा में आयोजित होगा।
- आईटीआई झाबुआ में कल युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार ओर अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजित किया जा रहा है।
- म.प्र. पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सदस्य ऋषि कुमार यादव आज पन्ना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करेंगे।
- सतना कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के एमआर के 2 टीके लगाकर उसे मीजल्स एवं रूबेला से जैसी जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करें।
- रायसेन में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक  में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।
- इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड परिसर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 'युवान 2024-25'  की शुरुआत हुई।

- जबलपुर में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया।

-------